**INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR**

| Class: VII-3rd Lang. | Department: Hindi | Class work |
|---|---|---|
| पाठ-1 (कविता) हम कुछ कर दिखलाएँगे | Topics: - प्रश्नोत्तर, व्याकरण | Pl File in portfolio- |

## अति लघु प्रश्न

प्रश्न-1 इस कविता में 'हम' कौन हैं?

उत्तर- इस कविता में देश के बच्चों को हम कहा है|

प्रश्न-2 किन्हें सुखी बनाने की बात कही जा रही है?

उत्तर- कविता में बेसहारा और गरीब बच्चों को सुखी बनाने की बात की जा रही है|

प्रश्न-3 हम कुछ कर दिखलाएँगे (कविता) के कवि कौन हैं?

उत्तर- इस कविता के कवि राम नरेश त्रिपाठी हैं|

प्रश्न-4 किन लोगों में फिर से उत्साह जगाने की बात कही गई है?

उत्तर- हारे हुए लोगों में फिर से उत्साह जगाने की बात कही गई है|

प्रश्न-5 बच्चे किसकी सेवा करने चाहते हैं?

उत्तर- बच्चे देश की सेवा करने चाहते हैं|

## लघु प्रश्न

प्रश्न-1 बच्चों का क्या अरमान है?

उत्तर- इस कविता में बच्चों का यह अरमान है कि वह अपने देश के लिए कुछ कर दिखलाएँगे |

प्रश्न-2 गरीब-भिखारी लोंगों को कैसे सुखी बनाया जाएगा?

उत्तर- गरीब-भिखारी लोंगों को गले लगाकर सुखी बनाया जाएगा|

प्रश्न-3 'मेहनत का दीप' का क्या अर्थ है?

उत्तर- इसका अर्थ है मेहनत के द्वारा सफलता पाना और जीवन में खुशियाँ लाना|

प्रश्न-4 हारकर और उम्मीद मारकर बैठे लोंगों की मदद किस तरह की जाएगी?

उत्तर- हारकर और उम्मीद मार बैठे लोंगों की मदद उनमें उत्साह जगाकर की जाएगी|

प्रश्न-5 कविता में किसका मान बढ़ाने की बात कही जा रही है?

उत्तर- कविता में धुन के पक्के और दिल के सच्चे लोगों के मान बढ़ाने की बात कही जा रही है|

**व्याकरण-**

प्रश्न-1 दिए गए शब्दों के विलोम लिखिए|

1. अमीर X गरीब
2. आज़ादी X गुलामी
3. सुखी X दुखी
4. कड़वा X मीठा
5. मान X अपमान
6. आदर X निरादर
7. सच्चे X झूठे
8. वीर X कायर
9. अँधेरा X उजाला
10. दिवस x रात्रि

प्रश्न-2 दिए गए शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए|

1. शौक - रुचि , चाव
2. दीप - दीपक , दिया
3. उत्साह - जोश , उमंग
4. घर - गृह , भवन
5. उद्यम - परिश्रम , मेहनत
6. मनुष्य - आदमी , मानव
7. अरमान - इच्छा , कामना
8. युवा - जवान , युवक
9. मधुर - मीठा , रसीला
10. जग - दुनिया , संसार

प्रश्न-3 दिए गए शब्दों के वचन लिखिए|

1. कविता - कविताएँ
2. कथा - कथाएँ
3. कन्या - कन्याएँ
4. कुर्सी - कुर्सियाँ
5. दवाई - दवाइयाँ
6. कली - कलियाँ
7. कार - कारें
8. किताब - किताबें
9. सड़क - सड़कें
10. कलम - कलमें

प्रश्न-4 दिए गए चित्र का चित्र वर्णन कीजिए- H.W




------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

------------------------------------------------------------------------------------------------

अनुच्छेद - देश प्रेम

देश प्रेम का अर्थ होता है अपने देश के प्रति आदरभाव की भावना। देश से प्यार करना मैं अपना कर्तव्य समझता हूँ। देश-प्रेम का भाव एक पवित्र भाव है। देश-प्रेम का भाव हर इंसान के दिल में होना चाहिए। यह वह भावना है, जो हमें अपने देश के प्रति कर्तव्य और सम्मान का एहसास कराती है। देश-प्रेम व्यक्ति को अपने राष्ट्र की सेवा और उसके विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करता है। यह हमारे देश की संस्कृति, परंपराओं और इतिहास के प्रति निष्ठा को दर्शाता है। सच्चे देशभक्त वे हैं जो अपने देश की जय-जयकार करते हैं और अच्छे काम करते हैं। हमें अपने देश की समस्याओं को समझकर उनका समाधान करने की कोशिश करनी चाहिए। मेरा भारत देश एक खूबसूरत देश है, जहां अभी तक संस्कृति और परंपरा कायम जैसे हम अपने परिवार और माता-पिता से प्रेम करते हैं, वैसे ही अपने देश से भी स्वाभाविक रूप से प्रेम करना चाहिए। यह प्रेम बिना किसी शर्त और स्वार्थ के होता है। देश-प्रेमी व्यक्ति सदा अपने देश का हित सोचता है। देश की रक्षा करना मेरा कर्तव्य है है। मुझे अपने देश पर गर्व है। मैं अपने आप को भाग्यशाली समझता हूँ कि मैं भारत देश का नागरिक हूँ।